Regarding construction of National Highways in Bihar

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा में दो सड़कें हैं । एक सड़क एनएच 106 है, जिसमें उदाकिशुनगंज से बिहपुर तक 28 किलोमीटर सड़क का निर्माण शुरू हुआ । उसमें 6 किलोमीटर का पुल भी बनना था। जिसका शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया था, लेकिन दुख की बात है कि जिस सड़का का निर्माण मार्च 2024 में पूर्ण होना था, उसमें मात्र 50 प्रतिशत ही काम हुआ है । उसी तरह से नेशनल हाइवे 107 है, उसका काम भी वर्ष 2022 में पूरा होना था, लेकिन उसमें जितने भी आरओबी बन रहे हैं, सभी का पेयर बनाकर छोड़ दिया गया है । उस इलाके में हमें सांसद के रूप में बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है । मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जिसका शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी ने किया, उस योजना की दुर्गति हो, यह कहीं से भी उचित नहीं है । इनका निर्माण शीघ्र पूरा होना चाहिए । धन्यवाद ।